## सार-समाचार

### नशे का कारोबार को बंद कराने की मांग

**मदनगंज-किशनगढ़**,(निस)। भाजपा ने किशनगढ़ शहरी क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार को सख्ती के साथ बंद कराने की मांग की है। जिला प्रवक्ता श्यामसुंदर वैष्णव ने पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित कर कहा की नशे की वजह से कई घर बरबाद हो चुके, युवा पीढ़ी के साथ बड़े भी लत के शिकार हो रहे है। पिछले तीन वर्षों से शहरी क्षेत्र में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ा है, जिससे क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों में भी वृद्धि हुई है। स्मैक, डोडा-पोस्त, अफीम, गांजा, ब्राउन शुगर आदि मादक पदार्थ आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने वाले गिरोह युवाओं को नशे की लत का शिकार बना रहे हैं। नशा करने वाले युवा अपने परिवार की जिम्मेदारी निभाने में असमर्थ होकर आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। प्रवक्ता वैष्णव ने नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### दुर्गादास राठौड़ जयंती पर कार्यक्रम आज

**मदनगंज-किशनगढ़**,(निस)। राजपूत सभा समिति की और से बुधवार को मंझेला रोड़ स्थित राजपूत सभा भवन में प्रात: 10 बजे वीर दुर्गादास राठौड़ की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई जायेगी। अध्यक्ष उदय सिंह राठौड़ तोलामाल ने बताया की निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्रीजी महाराज के सानिध्य में आयोज्य कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, विधायक बानसूर देवीसिंह शेखावत, नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड़, राज्य खेल परिषद सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया, पीटीएस कमांडेड किशनगढ़ भंवर रणधीर सिंह नरूका, उपखण्ड अधिकारी रूपनगढ कुलदीप सिंह शेखावत, उपखंड अधिकारी मसूदा दीपशिखा कालवी अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर वीर दुर्गादास राठौड़ के अदम्य साहस, त्याग और मातृभूमि के प्रति निष्ठा को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे।

### 17वीं रामदेवरा पदयात्रा रवाना

**अजमेर**, (कासं)। भोंपो का बाड़ा स्थित बाबा रामदेव मंदिर से मंगलवार को 17वीं रामदेवरा पैदल यात्रा रामदेवरा के लिए रवाना हुई।पदयात्रा को नगर निगम अजमेर के वार्ड 62 के पार्षद नरेंद्र तुनवान व क्षेत्रवासियों ने रामदेव जी की आरती के पश्चात जय करो के साथ पैदल यात्रियों ने प्रस्थान किया। क्षेत्रीय पार्षद नरेंद्र तुनवाल ने बताया कि रामदेवरा पैदल यात्रा में श्रद्धालु प्रतिदिन प्रात 6 घंटे और रात्रि में 3 घंटे पैदल यात्रा कर 9 से 10 दिन में रामदेवरा पहुंचेंगे। रामदेवरा पैदल जाने वाली यात्री धूमधाम से रवाना हुई। इस अवसर पर मातृशक्ति ने मंगलाचार गीत गाकर यात्रा की सफलता की कामना की। पदयात्रा में कुंदनमल रोलिया, आकाश काला, लक्की चौहान, मुकुल पलासिया, हनुमान पलासिया, पिंटू चितानिया, बाबू पंवार, राजेंद्र रावत, प्रभु कुमार आदि श्रद्धालु रामदेवरा पैदल यात्रा के लिए निकले।

### पाइप लाइन टूटी, हजार गेलन पानी बर्बाद

अजमेर, (कासं)। शहर के आदर्शनगर पुलिस थाना क्षेत्र स्थित पंचवटी कॉलोनी के विज्ञान नगर में चल रहे सीवरेज कार्य के चलते- बार बार पाइप लाइन टूट जाने के कारण हजारों गेलन पानी की बर्बादी हो रही है, जिसके कारण यहां के क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस ओर न तो जलदाय विभाग के अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही प्रशासन, जिसके कारण यहां के वाशिदों को गंदा पानी पीने को मजबूर है।

# 'आधुनिक युग में तकनीकी शिक्षा, ज्ञान, भाषा व संस्कार की अहम भूमिका'

**भीलवाड़ा**, (निसं)। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि अमृत महोत्सव सफलता का उत्सव है। बीते 75 वर्षों में इस महाविद्यालय ने ऐसे अनेक विद्यार्थियों को दिशा व उद्देश्य प्रदान किए हैं, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में जिले व महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मंगलवार को माणिक्य लाल वर्मा महाविद्यालय में आयोजित अमृत महोत्सव उद्घाटन समारोह एवं विधायक निधि से कंप्यूटर कक्ष एवं स्मार्ट कक्षा के लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। देवनानी ने कहा कि वर्तमान आधुनिक युग में तकनीकी ज्ञान, शिक्षा, भाषा एवं संस्कार की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि समय किसी के लिए रुकता नहीं, जो विद्यार्थी समय के महत्व को समझता है, वही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

विधायक मद से निर्मित कंप्यूटर कक्ष व स्मार्ट कक्षा कक्षों का किया लोकार्पण - विधानसभा अध्यक्ष ने स्थानीय विधायक अशोक कोठारी द्वारा विधायक मद से जारी 15 लाख की राशि से निर्मित कंप्यूटर कक्ष व स्मार्ट कक्षा-कक्षों का लोकार्पण किया। उन्होंने कंप्यूटर कक्ष व स्मार्ट कक्षा कक्ष का अवलोकन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक तकनीक से शिक्षा जरूरी है



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर के माणिक्य लाल वर्मा महाविद्यालय में कंप्यूटर कक्ष एवं स्मार्ट कक्षा के लोकार्पण किया।

इसमें यह स्मार्ट कक्षा-कक्ष अहम व उपयोगी साबित होंगे।

पांच डी के माध्यम से जीवन मूल्यों का महत्व समझाया - कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने पांच डी के माध्यम से जीवन मूल्यों का महत्व समझाया। विधानसभा अध्यक्ष ने के माध्यम से बताया कि जीवन में मर्यादा का पालन, अनुशासन, कार्य के प्रति प्रतिबद्धता एवं समर्पण रखेंगे तो जीवन का विकास होगा।स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग पर दिया जोर - विधानसभा अध्यक्ष ने विदेशी वस्तुओं का उपयोग नहीं करने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संकल्प लेने को प्रेरित किया । उन्होंने बताया कि स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से भारत की अर्थव्यवस्था और भी मजबूत होगी। शहर विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि विधायक मद से जारी राशि ज्यादा से ज्यादा जन कल्याणकारी कार्यों में उपयोग हो यही उनकी प्राथमिकता है। प्राचार्य संतोष आनंद ने कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम संयोजक कश्मीर भट्ट ने दिया। इस दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, महापौर राकेश पाठक ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत अभिनंदन किया एवं उप जिला प्रमुख शंकर गुर्जर, आजाद शर्मा, राजकुमार आंचलिया, अमित सारस्वत, विनोद झुरानी, कन्हैयालाल स्वर्णकार सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, महाविद्यालय स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण, एनसीसी व स्काउट गाइड कैडेट मौजूद रहे।

## निगम बांटेगा 26 हजार देसी घी के लड्डू

**अजमेर**, (कासं)। स्वाधीनता दिवस के मुख्य समारोह में इस वर्ष भी मिठास घोलने की तैयारी शुरू हो गई है। अजमेर नगर निगम 15 अगस्त को 26 हजार देसी घी के लड्डू वितरित करेगा। निगम की पुरानी बिल्डिंग में बुधवार से लड्डू निर्माण का काम शुरू होगा। इस पर लगभग 3 लाख 15 हजार रुपए का खर्च प्रस्तावित है।

निगम हर साल स्वतंत्रता दिवस पर देसी घी के लड्डू बनवाकर आमजन और कर्मियों में बांटता आया है। इस बार 13 हजार पैकेट तैयार किए जाएंगे, प्रत्येक पैकेट में दो लड्डू होंगे। वितरण की योजना के मुताबिक पुलिस लाइन मैदान में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में 6 हजार पैकेट बांटे जाएंगे। इसके अलावा 18 सौ पैकेट सेंट्रल जेल, 250 पैकेट हाई सिक्योरिटी जेल को आवंटित किए जाएंगे। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों, नगर निगम के कार्मिकों और सफाई कर्मियों के बीच भी पैकेट वितरित किए जाएंगे।


**NAME CHANGE**

I, Km Riya Daughter of Army No.JC-302919A, SUB(TIR), Rajesh Kumar, Residing Vill:- Jalim Khera, Po:- Nawabganj, Tehsil:- Hasanganj, District:- Unnao,U.P, 209859 have change my Name from Km Riya to Riya vide Affidavit No. BZ923942 Dt 12/08/2025 before Court campus Nasirabad

**आम सूचना**

मेरे ससुरजी श्री रामकरण पुत्र स्व. श्री नारायण जाति जाट निवासी महावीर कॉलोनी, सावंतसर मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 28 जून 2022 को मेरे उपरोक्त निवास स्थान पर हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थिया-सुन्दर देवी पत्नी स्व. भंवरलाल

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांक: न.नि.अ/भवन/25-26/410 **आपत्ति सूचना** दिनांक: 12.8.25

श्री प्रदीप साधवानी पुत्र श्री किशनचन्द साधवानी निवासी फ्लैट नं. 602 विजय सरिता एन्कलेव पंचशील नगर अजमेर द्वारा एक भूखण्ड संख्या ए-38 जो वाके आनासागर सरक्यूलर रोड योजना अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 260.03 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : भूखण्ड संख्या ए-39 पश्चिम : भूखण्ड संख्या ए-37

उत्तर : 100 फुट चौड़ा रास्ता है दक्षिण : भूखण्ड संख्या 44 एवं 43 का कुछ भाग है

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांक: न.नि.अ/भवन/25-26/213 **आपत्ति सूचना** दिनांक: 12.8.25

श्री कल्लूमल गुरनानी पुत्र स्व. श्री बस्समल निवासी 41 गोविन्दपुरम कॉलोनी गुरूनानक विद्यालय के पास वैशाली नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 12/209 15/418 718/16 718/29 का भाग है जो वाके कवण्डसपुरा मदारगेट अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 138.57 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व : गली आम पश्चिम : कवण्डसपुरा रोड

उत्तर : गली दक्षिण : सम्पति श्री मिर्चुमल की व सम्पति श्री अर्जुनदास की है

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/ **आम सूचना** दिनांक:

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कॉलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगें। अत: इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क. सं. | पत्रावली न. | आवेदक का नाम | योजना/ग्राम का नाम | खसरा नं | भू.सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 07 | प्रकाश सिंह रावत पुत्र पूनम सिंह रावत व प्रभु सिंह रावत पुत्र पूनम सिंह रावत | सिद्धार्थ कॉलोनी, बरल द्वितीय | 1071, 1072 | 02 | 168.33 वर्गगज |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर**

क्रमांक: 858 जाहिर आम सूचना दिनांक-12.8.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 5/32, पंचशील, अजमेर क्षेत्रफल 90.60 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री जयनारायण पुत्र स्व. श्री वेगराजमल को आवंटित कर दिनांक 07.08.1998 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री जयनारायण पुत्र स्व. श्री वेगराजमल द्वारा मुख्त्यारनामा आम श्री मोहनदास पुत्र श्री सुगनचन्द के पक्ष में दिनांक 07.08.1998 को निष्पादित किया गया। श्री मोहनदास पुत्र श्री सुगनचन्द द्वारा मुख्त्यारनामा के आधार पर दिनांक 11.04.2007 को आधार का पंजीयन करवा लिया गया। श्री मोहनदास पुत्र श्री सुगनचन्द द्वारा आवास का बैचान श्रीमती मीना पत्नि श्री मोहनदास को दिनांक 25.04.2007 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्रीमती मीना पत्नि श्री मोहनदास के पक्ष में दिनांक 11.05.2009 को नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती मीना पत्नि श्री मोहनदास की मृत्यु दिनांक 16.09.2010 एवं श्री मोहनदास की मृत्यु दिनांक 25.01.2016 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री नरेश कुमार सुखीजा पुत्र स्व. श्री मोहनदास द्वारा मृत्यु पश्चात् आतास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्री नरेश कुमार सुखीजा के पक्ष में श्रीमती ललिता सुखीजा पुत्री स्व. श्री मोहन दास एवं पत्नि श्री त्रिलोक कुमार हीरानन्दानी एवं श्री मुकेश सुखीजा पुत्र स्व. श्री मोहनदास द्वारा रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है। अब श्री नरेश कुमार सुखीजा पुत्र स्व. श्री मोहनदास ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री नरेश कुमार सुखीजा पुत्र स्व. श्री मोहनदास का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना श्री विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति नहीं होगी नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। -आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमित बेदी पुत्र श्री महेश कुमार बेदी व श्रीमती ललिता बेदी पत्नी महेश कुमार बेदी, निवासी बी-122 चन्द्रवरदाई नगर अजमेर, ने प्राधिकरण की चन्द्रवरदाई नगर योजना के भूखण्ड संख्या बी-122 क्षेत्रफल 195.95 वर्ग गज का मूल लिंक दस्तावेज प्रस्तुत कर लीज होल्ड से फी होल्ड पट्टा चाहा है। भूखण्ड का पूर्व में मूल पट्टा दिनांक 15.03.2011 को श्रीमती काजल गंगवानी पत्नी श्री गोविन्द गंगवानी, निवासी 3 घ 22 श्री राम विहार कॉलोनी चौरसियावास रोड वैशाली नगर अजमेर, के नाम जारी किया गया था। अत: भूखण्ड सख्या बी-122 चन्द्रवरदाई नगर योजना का लीज होल्ड से फ्री होल्ड का पट्टा विलेख अन्तिम क्रेता/नामान्तरित श्री अमित बेदी पुत्र श्री महेश कुमार बेदी व श्रीमती ललिता बेदी पत्नी महेश कुमार बेदी अजमेर, के पक्ष में जारी किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी के आवेदक के नाम लीज होल्ड से फी होल्ड पटटा जारी करने की कार्यवाही की जा सकेगी। -उपायुक्त (दक्षिण) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर


## घायलों को अस्पताल पहुंचाया

**मेड़ता सिटी**, (निसं)। मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने घायलों को पहुंचाया चिकित्सालय । मेड़ता गोटन रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार घायल हो गए जिनको मेड़ता विधायक कलरू ने घायलों को चिकित्सालय पहुंचा कर उनकी जान बचाई।

जानकारी के अनुसार सवाई माधोपुर निवासी रामकुंवर 40 साल व आत्माराम रामदेवरा जा रहे पैदल यात्री जिनका अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए वही घायलों के पास से गुजर रहे मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू ने गाड़ी रोक कर घायलों को अपनी गाड़ी में लाकर हॉस्पिटल पहुंचाया जहां डॉ प्रभारी रामेश्वर बेनीवाल , डॉ ललित चौधरी , डॉ सुखदेव , डॉ दौलत चौधरी , डॉ बलदेव सियाग व 108 के हरेंद्र तेतरवाल , यूनियन के बिलू अंसारी ने घायलों को उपचार देकर अजमेर रैफर किया। विधायक कलरू ने बताया पैदल यात्री जिनका अज्ञात वाहन की टक्कर से दो व्यक्ति घायल हो गए जिनको चिकित्सालय समय रहते पहुंचाया।

# एक ही दिन में 50 हजार लोगों ने ली शपथ

**अजमेर**, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सम्पूर्ण प्रदेश में संचालित हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को अजमेर जिले में राष्ट्रध्वज के सम्मान और जागरूकता की मिसाल पेश की गई। एक ही दिन में लगभग 50 हजार लोगों ने तिरंगे की गरिमा बनाए रखने की शपथ ली।

जिला कलेक्टर लोकबंधु ने कलेक्ट्रेट परिसर में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगाए गए विशाल कैनवास पर हस्ताक्षर कर अभियान में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। जिला कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की कि 13 से 15 अगस्त के बीच सभी अपने-अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और कार्यालयों पर झंडा संहिता के अनुसार तिरंगा फहराएं तथा हर घर तिरंगा पोर्टल पर तिरंगे के साथ



एक ही दिन में लगभग 50 हजार लोगों ने तिरंगे की गरिमा बनाए रखने की शपथ ली।

सेल्फी अपलोड कर सहभागिता निभाए।

जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजकीय विद्यालयों में प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक शपथ ली। साथ ही तिरंगा रैली, चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रीय एकता पर अपने विचार रंगों के माध्यम से उकेरे। अजमेर नगर निगम में आयुक्त देशल दान ने तिरंगा फहराने की शपथ दिलाई।

# डीन स्टूडेंट वेल्विंग कमेटी का गठन

**अजमेर**, (कासं)। जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल में हुई घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने डीन स्टूडेंट वेल्विंग कमेटी का गठन किया है। कमेटी डिप्रेशन में रहने वाले नर्सिंग छात्र-छात्राएं, चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ की काउंसलिंग करेगी, जिससे उनका तनाव दूर हो सके। करीब तीन सदस्यों की यह कमेटी बनाई गई है। कमेटी का इंचार्ज वरिष्ठ डॉक्टर महेंद्र जैन को बनाया गया है।

प्रिंसिपल डॉक्टर अनिल समरिया ने बताया कि मानसिक स्थिति और दबाव को लेकर सभी चिंतित रहते हैं। आजकल के वातावरण में बच्चे सहनशक्ति कम रखते हैं। डिप्रेशन में रहते हैं। बच्चे जल्द मुकाम पाना चाहते हैं जो कि इस स्टेप वाइज होते हैं। अन्य परिस्थितियों के कारण भी मानसिक दबाव बना रहता है, जिसके चलते जेएलएन मेडिकल कॉलेज ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। डीन स्टूडेंट वेल्विंग कमेटी का गठन किया है।

मानसिकता दबाव को दूर करेगी कमेटी:-

प्रिंसिपल डॉ. सामरिया ने बताया कि जेएलएन मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं, रेजिडेंट चिकित्सक, नर्सिंग कर्मचारी सहित अन्य डॉक्टर की मानसिकता और दबाव को दूर करने के लिए डीन स्टूडेंट वेलविंग कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी का प्रभारी वरिष्ठ डॉ. महेंद्र जैन बनाया गया है। डॉ. जैन के साथ तीन सदस्यों की टीम रहेगी

**■ डिप्रेशन में आए कार्मिकों की होगी काउंसलिंग, डॉ. जैन होंगे कमेटी इंचार्ज**

जो अपनी सलाह भी देगी। प्राचार्य डॉ. सामरिया बताया कि अस्पताल और कॉलेज परिसर में किसी भी व्यक्ति को डिप्रेशन का इलाज लेने या सलाह लेने के आवश्यकता लगती है, तो वह कमेटी से संपर्क कर सकता है। यह कमेटी उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगी। परिवार से भी संपर्क किया जाएगा, ताकि अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में स्वस्थ और सुरक्षित माहौल बना रहे।

पहचान रखी जाएगी गोपनीय:-

अधीक्षक डॉ.अरविंद खरे ने बताया कि वर्तमान समय में नर्सिंग छात्र-छात्राओं, रेजिडेंट चिकित्सकों सहित नर्सिग स्टाफ पर कामकाज का बोझ अधिक होने से मानसिक अवसाद में चले जाते हैं, उनके लिए मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया द्वारा सराहनीय कदम उठाया है। कमेटी में वरिष्ठ डॉ. महेंद्र जैन संचालित करेंगे, उनके साथ डॉ.चरण सिंह और डॉ.प्रेम प्रकाश सहयोग करेंगे। यह कमेटी समस्याओं को सुनकर कर समझ कर उनके सवालों का जवाब देने का काम करेगी। बच्चे खुद भी अपने स्तर पर संपर्क कर सकते हैं और सभी की पहचान गोपनीय रखा जाएगा।

# पर्यावरण प्रेमी आरएल नौलखा को दी श्रद्धांजलि, लगाए पौधे

**भीलवाड़ा**, (निसं)। लायंस क्लब भीलवाड़ा ने अपने पूर्व सदस्य लायन आर.एल. नौलखा को उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उनके सामाजिक योगदान को याद किया गया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत नितिन स्पीनर्स के चेयरमैन दिनेश नौलखा, एमडी नितिन नौलखा, ईडी प्रत्युष नौलखा और लायंस क्लब भीलवाड़ा के अध्यक्ष एडवोकेट पवन पंवार व लायन सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान, लायंस क्लब के रीजन एडवाइजर सुधीर राठी ने स्व. नौलखा के समाज सेवा के प्रति समर्पण को याद किया। लायन जीसी जैन ने बताया कि किस तरह स्व. नौलखा ने क्लब को मजबूत करने और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने उनके साथ बिताए यादगार पलों को भी साझा किया। लायन प्रवीण गर्ग ने बताया कि स्व. नौलखा को लायंस आई हॉस्पिटल भीलवाड़ा में उनके अमूल्य योगदान के लिए 'भामाशाह' के रूप में याद किया। अध्यक्ष एडवोकेट पवन पंवार ने भी उनके प्रति अपने विचार व्यक्त किए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद, लायंस क्लब भीलवाड़ा और नितिन स्पीनर्स के संयुक्त तत्वावधान में एक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्व. नौलखा की स्मृति में 51 पौधे रोपे गए। इस मौके पर लायंस आई हॉस्पिटल के चेयरमैन जेके बागडोदिया, सुधीर राठी आदि मौजूद रहे।

## चित्र-प्रदर्शनी का आयोजन

**अजमेर**, (कासं)। केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, अजमेर की ओर से विभाजन-विभाषिक दिवस के अवसर पर दो-दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। अजमेर रेल्वे स्टेशन पर आयोजित इस चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी रघुवीर सिंह चारण करेंगे। इस अवसर स्टेशन प्रबंधक रविश कुमार उपस्थित रहेंगे।

# मिशन मधुहारी टाइप-1 डायबिटीज क्लिनिक का निरीक्षण किया

**भीलवाड़ा**, (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने मंगलवार को राजकीय जिला चिकित्सालय, शाहपुरा में राज्य सरकार द्वारा मधुमेह रोगियों के उपचार के लिए संचालित मिशन मधुहारी टाइप-1 डायबिटीज क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय के पीएमओ डॉ. अशोक जैन सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी व स्वास्थ्य कार्मिक मौजूद रहे।

सीएमएचओ डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने निरीक्षण के दौरान संबंधित चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ को

**■ 'मधुमेह के उपचार के लिए मरीजों को मिलेगी नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं'**



चिकित्सालय शाहपुरा में 'मिशन मधुहारी' डायबिटीज क्लिनिक का सीएमएचआ ने निरीक्षण किया।

टाइप-1 डायबिटीज के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने, मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और समय पर उपचार उपलब्ध कराने तथा सभी टाइप-1 रोगियों का डेटा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों में सुव्यवस्थित रूप से संचित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की इस पहल से जिले में टाइप-1 डायबिटीज पीड़ित मरीजों को बेहतर और सतत चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित हो सकेगी। पीएमओ डॉ. अशोक जैन ने बताया कि क्लिनिक में टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित मरीजों को सरकार की ओर से नि:शुल्क ग्लूकोमीटर, शुगर स्ट्रिप्स और बुकलेट्स प्रदान की जा रही है, साथ ही रजिस्ट्रेशन और जांच के बाद उनके निरंतर इलाज में सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि टाइप-1 डायबिटीज एक ऑटोइम्यून रोग है, जिसमें शरीर में इंसुलिन का उत्पादन बंद हो जाता है और ऐसे मरीजों के लिए नियमित रूप से इंसुलिन लेना अनिवार्य होता है।

## हवाई सेवा शुरू करने की मांग

**भीलवाड़ा**। चुनावो में किये गए जनता से वादों पर 100 खरा उतरने पर पूरी तरह से आमदा है भीलवाड़ा सांसद दामोदर अठावाल। इसके निमित भीलवाड़ा वासियों के हवाई अड्डे के स्वपन को पूरा करने के लिये साँसद अग्रवाल ने लोकसभा सदन के मानसुन सत्र के दौरान सदन के पटल पर नियम 377 के तहत भीलवाड़ा स्थित हमीरगढ़ हवाईपट्टी पर क्षेत्रीय उड़ान योजना के अंतर्गत हवाई सेवा शुरू करने की मांग रखी।

अग्रवाल ने कहा कि हमीरगढ़ हवाईपट्टी को सरकार द्वारा उड़ान दस्तावेज में असेवित हवाईपट्टियों की सूची में सूचीबद्ध किया गया है तथा क्षेत्रीय उड़ान योजना के अंतर्गत हवाईसेवा शुरू करने के लिए 5 चरण पूरे होने तक आर.सी.एस. - उड़ानों के परिचालन के लिए हमीरगढ़ हवाईपट्टी को जोड़ने वाला कोई भी मार्ग किसी भी एयरलाइन को अवार्ड नहीं किया गया है, जबकि वर्ष 2019 में उड़ान 4.0 योजना के दौरान बोलियां प्राप्त हुई थी लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण हमीरगढ़ हवाईपट्टी को जोड़ने की बोली, एयरलाइनों को अवार्ड नहीं की जा सकी।सांसद प्रवक्ता विनोद झूरानी ने कहा कि भीलवाड़ा जिले का औद्योगिक एवं व्यापारिक महत्व देशभर में जाना जाता है। भीलवाड़ा अंतराष्ट्रीय स्तर पर वस्त्र नगरी के रुप में ख्याति प्राप्त होकर बड़े इंडस्ट्रियल हब के रूप में स्थापित है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत माकड़वाली प.स. अजमेर ग्रामीण**

क्रमांक-GPM/2025/748 दिनांक:12.08.2025

**आबादी भूमि के प्रस्तावित वाणिज्यिक संपरिवर्तन के संबंध में आक्षेप आमंत्रित करने का नोटिस**

ग्राम पंचायत माकड़वाली प.स. अजमेर ग्रामीण जिला परिषद अजमेर में निम्नलिखित (आबादी) आवासीय पट्टा भूमि को राज. प. राज. के नियम 173-क के तहत वाणिज्यिक संपरिवर्तन हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया गया है।

| क. सं. | नाम पट्टाधारक/आवेदक/ पिता/पति | ग्राम | आवासीय पट्टा संख्या /जारी दिनांक | प्रस्तावित संपरिवर्तन क्षेत्रफल(गज में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | राजकुमार गुर्जर/छोटूलाल | लोहागल | 38/21.02.2024 | 118.80 |
| 02 | रामलाल गुर्जर/छोटूलाल | लोहागल | 34/21.02.2024 | 118.80 |
| 03 | कन्हैयालाल गुर्जर/छोटूलाल | लोहागल | 36/21.02.2024 | 119.01 |
| 04 | गोपीचंद गुर्जर/छोटूलाल | लोहागल | 39/21.02.2024 | 119.33 |
| 05 | मदनलाल गुर्जर/छोटूलाल | लोहागल | 35/21.02.2024 | 119.01 |

उपरोक्त आवासीय पट्टा भूमि शास्त्रीनगर-जनाना अस्पताल मुख्य सड़क पर स्थित है तथा अजमेर नगरीय मास्टर प्लान अनुसार ग्राम लोहागल आबादी भूमि क्षेत्र में उक्त सड़क की चौड़ाई 160 फीट होने के कारण उपरोक्त सड़क की मध्य रेखा से 80 फीट छोड़कर ही उपरोक्त संपरिवर्तन प्रस्तावित है, इस बाबत अजमेर नगरीय निकाय/विकास प्राधिकरण को किसी प्रकार से कोई आपत्ति होने पर इस कार्यालय को लिखित पत्र द्वारा आपत्ति एक माह के भीतर दर्ज करवा सकते हैं। आमजन को यदि किसी को भी ऊपर उल्लेखित संपरिवर्तन पर कोई आपत्ति हो तो इस नोटिस तारीख से एक माह के भीतर अपने आक्षेप इस कार्यालय में फाइल कर देने चाहिए, बाद मियाद किसी तरह की लिखित/मौखिक आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

(महावीर प्रसाद) ग्राम विकास अधिकारी

(पूजा गुर्जर) सरपंच